समाचार

सीवरेज सेप्टिक टैंक सफाई कार्य में सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें–आयुक्त

(सफाईमित्रों को सीवरेज सेप्टिक टैंक सफाई कार्य का दिया गया प्रशिक्षण)

कोरबा 07 मार्च 2021 –आयुक्त श्री एस.जयवर्धन ने सफाईमित्रों से कहा है कि सीवरेज सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देंवे तथा इसके लिए निर्धारित गाईड लाईन का अनिवार्य रूप से पालन करते हुए सफाई के कार्य करें। उन्होने कहा कि विषय विशेषज्ञ द्वारा दिए जा रहे कार्य के प्रशिक्षण को गंभीरता से लें तथा प्रशिक्षण के दौरान बताई जा रही सफाई कार्यप्रक्रिया को पूर्ण रूप से अमल में लायें।

उक्त बातें आयुक्त श्री जयवर्धन ने सफाईमित्रों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कही। पुराना बस स्टैण्ड स्थित गीतांजलि भवन सभागार में आज आवास एवं शहरी मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली की अधीनस्थ संस्था नेशनल सफाई कर्मचारी फायनेंस एण्ड डेवलपमेंट कार्पोरेशन के द्वारा सीवरेज एवं सेप्टिक टैंक जोखिम भरी सफाई विषय पर सफाईमित्रों को कार्य का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम दो दिवस का है, प्रथम दिवस आज उन्हें कार्य का सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया गया, वहीं कल द्वितीय दिवस उन्हें मैदानी एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस मौके पर आयुक्त श्री एस.जयवर्धन ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहुंचकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सफाईमित्रों का उत्साहवर्धन किया, उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी तथा प्रशिक्षण को पूरी गंभीरता के साथ ग्रहण करने व इसे अमल में लाने के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर एस.के.हैदर ने सफाईमित्रों को कार्य का सघन प्रशिक्षण दिया। उन्होने बताया कि कार्य के दौरान अपनी पूरी सुरक्षा के साथ सीवरेज सेप्टिक टैंक की सफाई कैसे करें, इस विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा कार्य के दौरान पी.पी.ई. किट पहनने की अनिवार्यता को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। इसी प्रकार सेप्टिक टैंकों के प्रकार एवं उनकी सफाई करने के तरीकों, सेक्शन मशीन, वैक्यूम सिस्टम की कार्य पद्धति तथा इस दौरान अपनाई जाने वाली प्रक्रिया का गहन एवं सूक्ष्म प्रशिक्षण दिया उन्होने सफाईमित्रों से कहा कि सुरक्षात्मक तरीके से कार्य न करने पर संक्रमण व बीमारियों की आशंका रहती है, घटना, दुर्घटना की संभावना बनती है,

अतः यह बहुत महत्वपूर्ण है कि कार्य के दौरान सुरक्षा को सबसे ज्यादा महत्व दिया जाए तथा इसके लिए निर्धारित गाईड लाईन का पालन किया जाए।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा, जोनल कमिश्नर आर.के.चौबे, राजेश पाण्डेय, स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के.सारस्वत, डॉ.संजय तिवारी, कमलेश रात्रे, डी.सी.सोनकर, सतानंद द्विवेदी, ढेलूराम देवांगन, शिल्पा राठौर, अर्पिता राम सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं स्वच्छता मित्र उपस्थित थे।